सृजनात्मकता का अर्थ एवं परिभाषा(Meaning and Definition)

सृजनात्मकता शब्द अंग्रेजी के **क्रियेटिविटी (Creativity)** से बना है। इस शब्द के समानान्तर विधायकता, उत्पादन, रचनात्मकता, डिस्कवरी आदि का प्रयोग होता है। सृजन वह अवधारणा है जिसमें उपलब्ध साधनों से नवीन या अनजानी वस्तु, विचार या धारणा को जन्म दिया जाता है। सृजनात्मकता से अभिप्राय है रचना सम्बन्धी योग्यता, नवीन उत्पाद की रचना। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से सृजनात्मक स्थिति अन्येषणात्मक होती है।

रूश के अनुसार, "सृजनात्मक मौलिकता वास्तव में किसी भी प्रकार की क्रिया में घटित होती है।"

"Creativity is originally which actually can occur in any kind of activity." **- Prof. Rouch**

जेम्स ड्रेयर के अनुसार, "सृजनात्मकता मुख्यतः नवीन रचना या उत्पादन में होती है।"

"Creativity is essentially found in new construction or productions,"

-James Drever

क्रो एवं क्रो के अनुसार, "सृजनात्मकता मौलिक परिणामों को व्यक्त करने की मानसिक प्रक्रिया है।"

"Creativity is a mental process to express the original outcomes." **- Crow and Crow**

स्टेन के अनुसार, "जब किसी कार्य का परिणाम नवीन हो, जो किसी समय में समूह द्वारा उपयोगी मान्य हो, वह कार सृजनात्मकता कहलाता है।"

"When it results in a new work that is accept as useful or satisfying by a group at some point in time." **-Stein**

उपरोक्त परिभाषा ओं के आधार पर सृजनात्मकता की विशेषताएं-

1. सृजनात्मक कार्य उपयोगी होता है।
2. सृजनात्मकता माली के नवीन हो।
3. सृजनात्मक कार्य में दो या अधिक वस्तुओं तथ्यों आदि के संयोग से नवीनता का होना चाहिए।
4. सृजनात्मक कार्य द्वारा व्यक्ति की प्रतिभा का विकास होना जरूरी है।
5. सृजनात्मक कार्य को समान रूप से मान्यता मिलनी चाहिए।